आईएम-5 04
MDM

**शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध**

संख्या–135 / 79–6–2018–472 / 2008

प्रेषक,

देव प्रताप सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण,
उ0प्र0 लखनऊ।

शिक्षा अनुभाग–6

लखनऊः दिनांकः 12 फरवरी ~~जनवरी~~, 2018

**विषय**–प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में किचेन शेड के निर्माण एवं किचन के विस्तारीकरण के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक म0भो0प्रा0 / 2695 / 2016–17 दिनांक 01.12.2016 एवं पत्र संख्या–म0भो0प्रा0 / 571 / 2017–18 दिनांक 16.05.2017 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में किचेन शेड के निर्माण एवं किचन के विस्तारीकरण के सम्बन्ध में प्रायोजना, रचना, मूल्यांकन प्रभाग, नियोजन विभाग द्वारा प्रस्तावित लागत रू0–1.21 लाख के सापेक्ष्य रू0–1.19 लाख की लागत का अनुमोदन निम्न निर्देशों के अधीन अनुमोदित किया गया है:–

1– प्रायोजना पर सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त ही प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की जाय।

2– प्रशासकीय विभाग द्वारा नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य कराया जाय।

3– प्रायोजना का निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व मानचित्रों को आवश्यकतानुरूप स्थानीय विकास प्राधिकरण / सक्षम लोकल आथॉरिटी से स्वीकृत कराया जाय।

4– प्रायोजना के सन्दर्भ में मुख्य अभियन्ता (भवन), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 के पत्रांक–2916 जी / 16(9) बी0पी0–विंग / 2016, दिनांक–16.11.2016 में उल्लिखित शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

5– इस मानकीकरण के आधार पर वित्तीय स्वीकृति उन्हीं प्रायोजनाओं हेतु प्रदान किया जाय जिन प्रायोजनाओं हेतु आवश्यक भूमि उपलब्ध हो।

6– मानकीकरण सम्बन्धी शासनादेश निर्गत किया जाय।

3– उक्त के सम्बन्ध में किचेन शेड के निर्माण हेतु ड्राइंग, डिजाइन एवं क्षेत्रफल मुख्य अभियन्ता (भवन), लोक निर्माण विभाग लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव को मूल रूप से संलग्न कर इस आशय से प्रेषित किया जा रहा है कि तद्नुसार पूर्व निर्गत निर्देशों के आलोक में आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक–यथोक्त।**

DD-N
अ.का. हेतु

निदेशक
मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
12-2-18

M.S. / T.C.
कृ0 वार्ता C.
12-02-18

12/2/18

भवदीय,

( देव प्रताप सिंह )
विशेष सचिव।

Edu-6 G.O.2018